# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## वृहस्पतिवार, तिथि 19 जुलाई, 1990 ई०

### (भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पंटना के सभा सदन में वृहस्पतिवार, तिथि 19 जुलाई, 1990 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष श्री **गुलाम सरवर** के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना.
तिथि 19 जुलाई, 199 ई०

**चन्द्रशेखर शर्मा**
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

टोला) में पेयजल के लिये चापाकल गड़वाने का विचार रखती है यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों ?

---

## पेयजल की व्यवस्था

**1651 श्री सुरज मण्डल :** क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि गोड्डा जिलान्तर्गत पोडेयाहाट प्रखण्ड के ग्राम बाघमारा में एक भी पेयजल के सरकारी कुओं एवं चापाकल नहीं हे जिससे वहां के लोगों को पानी पीने में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है क्या सरकार पेयजल की व्यवस्था हेतु पेयजल कूप खोदवाने या चापाकल गड़वाने का विचार रखती है यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों ?

**श्री रघुनाथ झा :** (1) उत्तर नकारात्मक है। ग्राम बाघमारा में छः अदद चापाकल उपलब्ध है, इस गांव की आबादी 1981 जनगणना के आधार पर 400 चार सौ है, जिसके लिए 9 अदद चापाकल एवं चार अदद कूप मौजूद और चालू हालत में उपलब्ध है। ये पर्याप्त है।

(2) खण्ड 1 के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

---